# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## सत्र (2018–2019)
## पुनरावृत्ति पत्रिका

**कक्षा : पाँचवी** **विषय : हिन्दी**

उपविषयः– पाठः– 10 मेट्रो की कहानीः मेट्रो की ज़बानी, पाठः–11 स्टीफन हॉकिंग, पाठः– 12 चाँदः एक गुब्बारा (कविता), पाठः– 13 गोपाल ने मनाया पोंगल, पाठः– 14 हमारी सेना (कविता),पाठः– 15 मिज़ोरम

व्याकरण – काल भेदों सहित, समश्रुति भिन्नार्थक शब्द, क्रिया विशेषण भेदों सहित, मुहावरे, अनेकार्थी शब्द, सर्वनाम भेदों सहित, अपठित काव्यांश, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, रचनात्मक लेख (अनुच्छेद लेखन), पत्र लेखन।

### अपठित गद्यांश

प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

खूबसूरत पंक्तियों को पढ़कर मन पुलकित हो उठता है। ''पढ़ेगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया।'' वास्तव में किसी भी देश की तरक्की उस देश की शिक्षा की सुदृढ़ता पर निर्भर करती है। देश का हर नागरिक जितना अधिक शिक्षित होगा देश उतनी ही तरक्की करेगा। हमारी सरकार भी इस बात को समझ चुकी है कि प्रत्येक बच्चे का, युवा का, वृद्ध का पढ़ा –लिखा होना कितना आवश्यक है ताकि लोग अपने जीवन में अज्ञान को हटा कर ज्ञान का दीप जलाएँ। जीवन में आने वाली समस्याओं का हम सही सोच के साथ समाधान कर सकते हैं। लेकिन हमारे देश का दुर्भाग्य है कि आज भी बच्चे हाथों में पुस्तक के बजाय गाड़ियों के शीशे साफ करते, बाल श्रम करते, कूड़ा बीनते और दुकानों पर काम करते नज़र आते हैं। नन्हें हाथ मज़दूरी न करके पुस्तकें लेकर विद्यालय जाएँ। अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का सवेरा लाएँ। अपने लिए नई व प्रगतिशील राह चुनें। स्वयं को निडर व मज़बूत बनाएँ। देश को तरक्की की ओर ले जाएँ तभी हम कह सकेंगे–

तरक्की की सीढ़ी तभी चढ़ेगा इंडिया,

जब पढ़कर आगे बढ़ेगा इंडिया।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. कौन–सी पंक्तियों को पढ़कर मन पुलकित हो उठता है और देश की तरक्की किस पर निर्भर करती है?

2. देश का दुर्भाग्य क्या है?

ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–

1. आवश्यक – ज़रूरी, कमज़ोर

2. अधिक – कम, ज्यादा

ग) सही (✓) या गलत (॰) का निशान लगाइए –

1. देश का हर नागरिक जितना अधिक शिक्षित होगा देश उतनी ही तरक्की करेगा। ( )

2. जीवन में आने वाली समस्याओं का हम गलत सोच के साथ समाधान कर सकते हैं ( )

घ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–

1. किसी भी देश की तरक्की किस पर निर्भर करती है?

   (अ) शिक्षा पर ( ) (ब) खेल–कूद पर ( )

2. बच्चों के नन्हें हाथ मज़दूरी न करके पुस्तकें लेकर कहाँ जाएँ?

   (अ) बगीचे में ( ) (ब) विद्यालय में ( )

**प्र02 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

उपवन सिमटे गमलों में
कैद प्रकृति घर–बँगलों में।
नकली तितली – भौंरे चिपके
संगमरमरी महलों में।।

ज़हर उगलते वाहन दल
व्याप्त मशीनी कोलाहल।
वायु हो गई दमघोंटू
दूषित पानी देते नल।।

क) सही विकल्प चुनकर लिखिए–

1. उपवन किसमें सिमटे हैं?

   (अ) गमलों में ( ) (ब) पानी में ( ) (स) हवा में ( )

2. प्रकृति कहाँ कैद हुई है?

   (अ) नदियों में ( ) (ब) बंगलों में ( ) (स) आकाश में ( )

3. नकली तितली –भौंरे कहाँ चिपके हैं?

(अ) पेड़ों में ( ) (ब) किताबों में ( ) (स) महलों में ( )

4. वाहन दल क्या उगलते हैं?

(अ) ज़हर ( ) (ब) हवा ( ) (स) दवा ( )

5. दम घोंटू क्या हो गई है?

(अ) वायु ( ) (ब) आयु ( ) (स) साँस ( )

ख) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए–

1. गमलों

2. दल

## व्याकरण से संबंधित

**प्र03 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया विशेषण शब्दों के भेद लिखिए–**

क) पेड़ से फल अचानक गिरा।

ख) हिरन उस तरफ दौड़ रहा है

ग) विद्यालय में प्रतिवर्ष निबंध प्रतियोगिता होती है।

घ) असम में चाय बहुत होती है।

**प्र04 निर्देशानुसार वाक्य पूरे कीजिए–**

क) मैं ........................... सैर करने जाता हूँ। (कालवाचक)

ख) लता ........................... बोलती है। (परिमाणवाचक)

ग) रवि ........................... बैठकर पढ़ो। (स्थानवाचक)

घ) दादी ने ...........................दरवाज़ा बंद कर दिया। (रीतिवाचक)

**प्र05 निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रिया के काल का नाम लिखिए–**

क) माता जी फ़िल्म देख रही थीं।

ख) चिड़िया आसमान में उड़ रही है।

ग) हम शाम को घूमने जाएँगे।

घ) सुहानी पुस्तक पढ़ रही है।

**प्र06 वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर फिर से लिखिए**

क) दादा जी सैर कर रहे हैं। (भूतकाल)

ख) अनिता नृत्य सीखने जाएगी। (वर्तमानकाल)

ग) सानवी टी०वी० देख रही थी। (भविष्यत्काल)

घ) मान्या ने कल चॉकलेट खाई थी। (भविष्यत्काल)

प्र07 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए–

क) जहाँ मंदिर है, वहाँ फूलों की दुकान है।

ख) यह पुस्तक किसकी है?

ग) पानी में कुछ गिर गया है।

घ) मैं इस प्रश्न का उत्तर अपने–आप लिखूँगा।

प्र08 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए–

क) उतना ही खाओ, जितना पचा सको।

(अ) संबंधवाचक ( ) (ब) निश्चयवाचक ( )

ख) आपसे कोई मिलने आया है।

(अ) निजवाचक ( ) (ब) अनिश्चयवाचक ( )

ग) मैं अपना काम स्वयं करूँगी।

(अ) पुरूषवाचक ( ) (ब) निजवाचक ( )

घ) माँ ने क्या बनाया है?

(अ) प्रश्नवाचक ( ) (ब) निश्चयवाचक ( )

प्र09 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए–

क) चौकीदार की ........................ ही चोर साइकिल चुराकर भाग गया।

(आँख लगना / आँख का तारा)

ख) बिल्ली ने क्षण–भर में चूहे का ........................ कर दिया।

(नाक कटना / काम तमाम कर देना)

ग) श्री कृष्ण यशोदा मैया की ........................ थे।

(पीठ थपथपाना / आँख का तारा)

घ) गलत काम करने के कारण राहुल की सबके सामने ........................ गई।

(नाक कटना / मेहनत करना)

प्र010 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उन्हें अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

क) कान भरना ख) मेहनत करना

ग) अंग–अंग ढीला होना घ) हवा से बातें करना

प्र011 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित भिन्नार्थक शब्दों द्वारा कीजिए–

क) हमें पीने के लिए जितना ................ चाहिए उतना ही लेना चाहिए। (नीर/नीड़)

ख) आज–कल के बच्चे हर काम करने में ................ हैं। (अलसी/आलसी)

ग) वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ................. पर पानी है। (ग्रह / गृह)

घ) अमीर लोगों के ................. में बहुत पैसा होता है। (कोश / कोष)

प्र012 निम्नलिखित भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–

क) राज ख) अपेक्षा

राज़ उपेक्षा

प्र013 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित अनेकार्थी शब्दों द्वारा कीजिए–

क) स्टीफ़न हॉकिंग को लुकासियन प्रोफ़ेसर के ........... पर नियुक्त किया गया। (पद (पैर), पद (ओहदा)

ख) छोटे बच्चों को सबसे पहले हिंदी के .......... सिखाए जाते हैं। (स्वर (वर्णमाला के अक्षर), स्वर (आवाज़)

ग) बड़े–बड़े गायक हमेशा ........... में गाते हैं। (ताल (तालाब), ताल (संगीत की ताल)

घ) मोहित ............ ठीक करने का काम करता है। (कल (मशीन), कल (दिन)

प्र014 निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–

क) अर्थ ख) वार

ग) पत्र घ) काल

प्र015 निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो अर्थ लिखिए–

क) विधि ख) घोड़ा

ग) शब्द घ) सोना

पाठ से संबंधित

प्र016 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मिज़ोरम राज्य भारत के उत्तर–पूर्वी भाग में स्थित है। आरंभ में तो यह राज्य असम का ही एक भाग था, लेकिन सन 1987 में इसे एक पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया गया था। इसकी राजधानी 'आइज़ॉल' है। मिज़ोरम तो बिलकुल पहाड़ी क्षेत्र लगता है, जिसमें कहीं–कहीं समतल भूमि भी है। यहाँ की पहाड़ियों पर बहुत हरियाली है। इन पहाड़ियों पर तरह–तरह के पेड़ पौधे हैं। इसके अलावा इस राज्य में अनेक नदियाँ, झरने और छोटे–बड़े नाले भी हैं। यहाँ की नदियों ने तो अपनी ताकत से शांत पहाड़ों को भी विभाजित कर दिया है। जहाँ–जहाँ पर नदियों ने पहाड़ों को विभाजित किया है, वहाँ–वहाँ गहरे एवं सँकरे रास्ते भी बन गए हैं। मिज़ोरम के पहाड़ों पर तरह–तरह के जीव–जंतु भी रहते हैं– जैसे – हाथी, चीते, तेंदुए , भालू, हिरन और जंगली सूअर।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. मिज़ोरम में बहने वाली नदियों की क्या विशेषता है?

2. मिज़ोरम के पहाड़ों पर कौन–कौन से जीव–जंतु पाए जाते हैं?

ख) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए–

1. मिज़ोरम राज्य भारत के उत्तर–पूर्वी भाग में स्थित है। ( )

**प्र017 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

क) मिज़ोरम के प्रसिद्ध नृत्यों के बारे में आप क्या जानते हैं?

ख) मंजू विरट्टू किसे कहते हैं?

ग) अपने एक व्याख्यान में स्टीफ़न ने क्या कहा?

घ) महिलाओं के लिए मेट्रो में क्या सुविधा है?

**प्र018 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

क) बच्चे बड़ी ............ से मंडप को देख रहे थे।

ख) रसोई घर की ओर से ............... खुशबू आ रही थी।

ग) मात्र 37 वर्ष की आयु में वे .............. प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किए गए।

घ) मेट्रो के आते ही ऑटोमैटिक दरवाज़े ............... की तरह खुलेंगे और बंद होंगे।

**प्र019 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

क) अलंकृत ख) विकलांगता

ग) सदुपयोग घ) क्षेत्र

**प्र020 सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

क) मिज़ोरम की प्रमुख फ़सल क्या है?

अ) चावल ( ) ब) मक्का ( )

ख) गोपाल को किस त्योहार की याद आती थी?

अ) पोंगल की ( ) ब) दशहरे की ( )

ग) स्टीफ़न हॉकिंग कौन हैं ?

अ) शिक्षक ( ) ब) वैज्ञानिक ( )

घ) सुरक्षा जाँच किसकी की जाती है?

अ) मेट्रो की ( ) ब) यात्रियों की ( )

**प्र021 शब्दों के साथ 'पूर्वक' जोड़कर नए शब्द बनाइए–**

क) वीरता + ................................... =

ख) बल + ................................... =

ग) दुख + ................................... =

*घ) साहस + .................................. =*

***प्र022 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–***

*क) तब से ही हम देख–देखकर इसे, ......................................................................................*

*.............................................................पर पकड़ न उसको पाते हैं।*

*चमकदार यह हमें दूर से ........................................................................................ ।*

*......................................................................................................... छूट गया गुब्बारा है।*

*ख) रॉकेट पर चढ़ आसमान में .................................................................................................*

*.........................................................................................................बहुत पास ले आएँगे।*

*कुछ पढ़–लिखकर अपने मन में ................................................................................. ।*

*.................................................................................................. छूट गया गुब्बारा है।*

*ग) ध्वस्त शत्रु के करे इरादे,*

*...............................................................................................*

*बोफ़ोर्स–हथियार मिसाइल,*

*................................................................................................*

*घ) साहस–हिम्मत वाली सेना,*

*.................................................................................. ।*

*शत्रु से हथियार–डलाती,*

*.................................................................................. ।*

## *रचनात्मक लेख*

***प्र023 ''अपने मित्रों के साथ मनाई पिकनिक का अनुभव'' विषय पर सहायक सूची के माध्यम से एक अनुच्छेद लिखिए– (शब्द सीमा 80–90)***

***सहायक सूचीः–*** *पिकनिक मनोरंजन व खुशी, मौज–मस्ती, समय, स्कूल गाड़ियाँ, मित्रों, खाना, नाचना, खेलना, अध्यापकों के साथ, अच्छा अनुभव*

***प्र024 अपने छोटे भाई को शिक्षा का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए।***